S1·3

# भाषा और शिक्षा

**प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है ।**

**लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें) ।**

**प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 हैं ।**

1. कोई बच्चा या बच्ची भाषा के जरिए कौन-कौन से काम लेता या लेती है । किन्हीं तीन कामों को उदाहरण देकर समझाइए ।

अथवा

भाषा के जरिए संप्रेषण ही नहीं किया जाता बल्कि समझ भी बनाई जाती है । इस कथन को उदाहरण देकर समझाइए ।

S1·3

2. किन्हीं दो भाषाओं से दो-दो उदाहरण देकर उनकी वाक्य संरचनाओं को समझाइए ।

अथवा

प्रत्येक भाषा नियमबद्ध होती है । इस बात को समझने का भाषाई अस्मिता के साथ क्या संबंध है ?

S1·3

3. भाषा की किन्हीं दो विशेषताओं को उदाहरण सहित समझाइए ।

अथवा

बिहार एक बहुभाषिक प्रदेश है । इस तथ्य के शैक्षिक उपयोग के दो उदाहरण दीजिए ।

S1·3

4. क्या भाषा के जरिए स्त्री और पुरुष के बीच समानता को बढ़ाया जा सकता है ? अपने उत्तर की पुष्टि के लिए कोई तीन उदाहरण दीजिए ।

अथवा

किसी दी गई लिपि में थोड़े से परिवर्तन के साथ संसार की सभी भाषाओं को लिखा जा सकता है । क्या आप इससे सहमत हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

S1·3

5. मान लीजिए आप प्राथमिक कक्षाओं की शिक्षिका या शिक्षक हैं । आपकी कक्षा की विद्यार्थी स्वयं को व्यक्त करने के लिए अपनी-अपनी भाषाओं का भी उपयोग करते हैं । ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों के प्रति आपका नजरिया क्या रहेगा ? उदाहरण सहित समझाइए ।

अथवा

प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों द्वारा किसी कागज पर पेंसिल चलाने की क्रियाओं का आप किस रूप में उपयोग करेंगी या करेंगे ? उदाहरण सहित समझाइए ।

S1·3

6. स्कूलों में 'माध्यम भाषा' की अवधारणा को उदाहरण सहित समझाइए ।

अथवा

हमारे द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं में देश और दुनिया की विभिन्न भाषाओं के शब्द शामिल होते रहते हैं । इस तथ्य से भाषाओं के विकास के बारे में क्या निष्कर्ष निकलते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए ।

S1·3

7. बच्चे या बच्चियों की भाषाई क्षमताओं का पता लगाने के लिए अवलोकन का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है ? कोई दो उदाहरण देकर अपनी बात को समझाइए ।

अथवा

पाँच साल के बच्चे और बच्चियाँ स्वयं को व्यक्त करने के लिए भाषा का स्वतंत्र रूप से उपयोग करते हैं । इस तथ्य के किन्हीं दो शैक्षिक उपयोगों को समझाइए ।

S1·3

8. भाषा सीखने-सिखाने के संदर्भ में जीन पियाजे तथा वाइगोत्सकी के विचारों में कोई दो अन्तर समझाइए ।

अथवा

कक्षाओं में बच्चे और बच्चियों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली भाषाओं को सम्मान देना उनके सीखने की स्थितियों में सकारात्मक योगदान देता है । इस वक्तव्य पर अपनी राय समझाइए ।

**दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न (न्यूनतम 350 शब्दों में उत्तर दें) ।**

**प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 10 हैं ।**

9. भाषा और बोली के बीच किया जाने वाला अन्तर भाषावैज्ञानिक न होकर राजनैतिक है । कम से कम दो तर्क देकर अपनी राय समझाइए ।

**अथवा**

अपने द्वारा पढ़े गए विचारकों के आधार पर भाषा अर्जन तथा भाषा सीखने में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

S1·3

10. स्कूल में भाषाओं के विभिन्न उपयोग क्या हैं ? इनमें परस्पर कौन-सी समानताएँ और भिन्नताएँ हैं ?

**अथवा**

लोकतंत्र के विस्तार के लिए भाषाओं का लोकतांत्रिकरण भी आवश्यक है । समाज में स्त्री और पुरुष के बीच फैली असमानताओं के सन्दर्भ में उपयुक्त वक्तव्य को विस्तारपूर्वक समझाइए ।